Printed Pages – 4

AI -1420

M. A. (Previous)
Term End Examination, 2020-21

HINDI

Paper : V

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Time Allowed : Three hours

Maximum Marks : 100

Minimum Pass Marks : 36

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिने ओर अंकित हैं।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये— 15×4=60

(i) हिन्दी साहित्य का इतिहास पुनर्लेखन में आने वाली समस्याओं का वर्णन कीजिए।

(ii) हिन्दी साहित्य का इतिहास में आदिकालीन पृष्ठभूमि के साथ-सिद्ध एवं नाथ साहित्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिये।

(iii) हिन्दी गद्य की विविध विधाओं का सामान्य परिचय प्रदान कीजिये।

(iv) राम एवं कृष्ण काव्य परम्परा के प्रमुख रचना एवं रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय प्रदान कीजिये।

(v) छायावादी काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिये।

(vi) दक्खिनी साहित्य का संक्षिप्त परिचय प्रदान कीजिये।

2. टिप्पणी लिखिये— 4×5=20

(i) प्रमुख सूफी कवि और काव्यग्रंथ

(ii) रीतिकालीन लक्षण ग्रन्थों की परम्परा

(iii) हिन्दी स्वच्छन्दतावादी काव्य

(iv) भक्ति आन्दोलन

(v) आधुनिक काल की राजक्रान्ति

(vi) हिन्दीतर क्षेत्रों की हिन्दी

3. निम्नलिखित में से 20 प्रश्नों के उत्तर दीजिये— 20×1=20

(i) कबीरदास को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा?

(ii) रामचन्द्रिका के रचनाकार का नाम लिखिये।

(iii) स्वामी दयानन्द सरस्वती की प्रमुख रचना का नाम लिखिये।

(iv) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लिखित हिन्दी साहित्य का इतिहास नामक ग्रंथ का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(v) मुक्तककार के रूप में किस कवि को जाना जाता है?

(vi) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी का इतिहास किस नाम से शीर्षक दिया है?

(vii) 'उत्तर अपभ्रंश ही पुरानी हिन्दी है' किसका कथन है?

(viii) हिन्दी के प्रथम कवि का नाम लिखिये।

(ix) पृथ्वी राज रासो किस काल की रचना है?

(x) राम की शक्ति पूजा के रचनाकार का नाम क्या है?

(xi) हीरामन तोता किस रचना का पात्र है?

(xii) रामचरित मानस की भाषा क्या है?

(xiii) पुष्टिमार्ग क्या है?

(xiv) वल्लभाचार्य की जन्मस्थली कहाँ है?

(xv) वीर रस में रचना करने वाले किसी एक कवि का नाम लिखिये।

(xvi) घनानंद किस काल के कवि हैं?

(xvii) नलदमन की रचना किसने की है?

(xviii) धर्मवीर भारती की एक रचना का नाम लिखिये।

(xix) आंचलिक कथाकार किसे कहा गया है?

(xx) उपन्यास सम्राट की संज्ञा किसे मिली है?

(xxi) 'दशद्वार से सोपान तक' किसकी रचना है?

(xxii) रेनेसा क्या है?

(xxiii) कविवचन सुधा क्या है?

(xxiv) राजा शिव प्रसाद सितारेहिन्द का परिचय दीजिये।

(xxv) बूढ़ी काकी के लेखक का नाम लिखें।